पंजाब केसरी 11/02/2026

# एन.एस.एस. शिविर ज्ञान, संस्कार और जागरूकता के साथ सम्पन्न



एन.एस.एस. शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते अधिकारी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 10 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव खुड्डा कलां में आयोजित 7 दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर का समापन दिवस भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा केंद्रीय बजट जागरूकता विषयों पर केंद्रित रहा। यह शिविर ज्ञान, संस्कार और जागरूकता के संदेश के साथ सम्पन्न हो गया।

शिविर के अंतिम दिन डॉ. अनिश द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने भारतीय पारंपरिक शिक्षा प्रणाली की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गुरु-शिष्य परंपरा ने सदियों से भारतीय ज्ञान प्रणाली को संरक्षित एवं समृद्ध किया है। इसके उपरांत केंद्रीय बजट पर चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एन.एस.एस. सलाहकार समिति सदस्य गीति बिंद्रा ने केंद्रीय बजट का माइंड मैप सांझा करते हुए सरल एवं रोचक ढंग से बजट की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट किया।

इस सत्र से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास, आर्थिक नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में बजट की भूमिका को समझने में विशेष सहायता मिली। भारतीय बौद्धिक विरासत के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय ज्ञान प्रणाली पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से रामचरितमानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। समापन सत्र के दौरान एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. पिंकी गुप्ता द्वारा 7 दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर की समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें शिविर के अंतर्गत आयोजित सभी गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सीख का विस्तृत विवरण सांझा किया गया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि उनके कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई द्वारा गांव खुड्डा कलां में लगाया गया यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी, अनुशासन एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हैं और उनमें नेतृत्व, संवेदनशीलता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का विकास करते हैं।

एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पुनिया ने गांव खुड्डा कलां के सरपंच धर्मपाल तथा समाजसेवी बृजपाल राणा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि इनके सहयोग से ही यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। शिविर में एन.एस.एस. सलाहकार समिति सदस्य राजिंदर मीरवाल, श्याम रहेजा तथा हर्षित लाम्बा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।